हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 29 सितंबर 2025



### स्पेयर पार्ट्स नहीं मिलने के कारण 10 लाख की मशीन हो गई कंडम

# चार माह से निगम के पंप हाउस में कबाड़ हो रही सिम्स की स्वीपिंग मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स अस्पताल और मेडिकल कालेज के बाहरी हिस्से की सफाई सिम्स प्रबंधन के लिए बड़ी चुनौती है। हाईकोर्ट की फटकार के बाद सिम्स और नगर निगम प्रबंधन ने सफाई का बीड़ा उठाया था, इस दौरान सालों से बंद पड़ी स्वीपिंग मशीन की याद आई और उसे बनाने का जिम्मा नगर निगम को दिया गया,लेकिन स्पयेर पार्टस नहीं मिलने के कारण निगम के पंप हाउस में 4 माह से मशीन कंडम हालत में पड़ी है। वहीं इस मशीन की अब सुध लेने वाला भी कोई नहीं है।

एसईसीएल ने सीएसआर मद से कोरोना काल के दौरान सिम्स को 10 लाख रूपए की स्वीपिंग मशीन दी थी, मशीन कुछ सालों तक सिम्स के बाहरी हिस्से की सफाई करती रही है, लेकिन अचानक बंद पड़ने के कारण स्वीपिंग मशीन को एक हिस्से में रख दिया गया। हाईकोर्ट ने सिम्स की सफाई व्यवस्था को लेकर संज्ञान लिया तो अधिकारियों को स्वीपिंग मशीन याद आई और इसे बनाने का प्रयास किया गया। सिम्स प्रबंधन ने कंपनी को बुलाया और इसकी मरम्मत कराई लेकिन यह भी कुछ दिन चल सका। इसके बाद से मशीन बंद पड़ी थी, नगर निगम के अधिकारियों ने सिम्स के सफाई शुरू की, इस दौरान ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने की कवायद और परिसर को बेहतर तरीके से व्यवस्थित किया गया। निगम अधिकारियों ने खराब पड़ी स्वीपिंग मशीनों को बनाने का जिम्मा लिया और पंप हाउस में लाकर खड़ा कर दिया, इसके बाद से यह मशीन यहीं पड़ी है। बारिश के दौरान मशीन जंग खा रही है। वहीं बताया जा रहा है कि मशीन के पाट्र्स नहीं मिलने के कारण यह चालू हालत में नहीं आ सकी है। खास बात यह है कि इस मशीन को लेकर सिम्स और नगर निगम के अधिकारियों ने भुला दिया है। जिसके चलते अब यह कबाड़ होने लगी है।

एसईसीएल ने सीएसआर मद से दी थी मशीन



### अधिकारियों की जोर आजमाइश भी नहीं आई काम

एसईसीएल द्वारा प्रदत्त मशीन को बनाने के लिए तत्कालीन हेल्थ सेक्रेटरी आर प्रसन्ना और कलेक्टर अवनीश शरण ने भी जोर लगाया था। इसके बाद निगम कमिश्नर अमित कुमार ने मशीन को बनाने की बात कही थी, लेकिन मशीन की कई बार मरम्मत हो चुकी है। खास बात यह है कि इस मशीन को चलाने के लिए सिम्स प्रबंधन के पास आपरेटर नहीं है, ऐसे में सफाई ठेकेदार के कर्मचारी ही इसे आपरेटर करते रहे है। लाखों की मशीन मिलने के बाद भी प्रबंधन आपरेटर की भर्ती नहीं कर पाया था, जिसके चलते मशीन का रखरखाव बेहतर तरीके से नहीं हो सका है।

### रिमाइंडर भेजेंगे

नगर निगम को मशीन बनाने के लिए दी गई है, मशीन किस हालत में है यह वहीं बता सकेंगें। हम उन्हें एक रिमाइंडर भेजेंगें।

**- डॉ. लखन सिंह**
अधीक्षक, सिम्स

### बनाने का हो रहा प्रयास

मशीन को बनाने का पूरा प्रयास किया गया है, लेकिन इसके कुछ पाट्र्स में दिक्कत है और टैक्नीशियन ने इसके नहीं बनने की जानकारी दी है। इसे सिम्स को वापस किया जाएगा।

**- अमित कुमार**
कमिश्नर, नगर निगम






## खबर संक्षेप

### खेत जा रही महिला से छेड़छाड़, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** पुरानी रंजिश के चलते युवक ने खेत जा रही महिला को रोककर छेड़छाड़ की। पुलिस ने प्रार्थीया की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम देवरी निवासी 38 वर्षीय विधवा महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रात लगभग 9 बजे गांव के ही लक्ष्मण यादव पिता तीज राम यादव, उम्र 32 ने रास्ते में रोककर हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की। अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। घटना उस समय हुई जब वह अधिया खेत देखने जा रही थीं। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी लक्ष्मण यादव के खिलाफ धारा 74, 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। वही दोनों ही घटनाओं पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## निधन

### हेमंत सिंह राजपूत



**तखतपुर।** हरनाचाका निवासी हेमंत सिंह राजपूत 60 वर्ष का 28 सितम्बर को निधन हो गया। वे भजन सिंह, खेदू सिंह के पिता, चैन सिंह, नोहर सिंह, उमेंद सिंह, भोप सिंह के भाई थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम हरनाचाका में किया गया।

### राधेश्याम साहू



**बेलतरा।** ग्राम नेवसा निवासी राधेश्याम साहू उम्र 80 वर्ष का 28 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार का कार्यक्रम उनके गृह ग्राम नेवसा में संपन्न हुआ। वे नरोत्तम, केदार एवं गौतम साहू के पिता एवं खिलेश्वर साहू के दादा थे।

### कृष्ण कुमार सोनी



**रतनपुर।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक सेवानिवृत शिक्षक कृष्ण कुमार सोनी का 26 सितंबर को 64 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रतनपुर स्थित कृष्णार्जुनी मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

### ध्वजा यात्रा में शामिल हुए मंत्री केदार कश्यप

# महामाया दर्शन कर सुशांत ने दिया ध्वजा यात्रा को विराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

नवरात्रि के छठवें दिन विधायक सुशांत शुक्ला की ध्वजा यात्रा कोनी से रतनपुर तक की यात्रा पूरी कर रतनपुर महामाया मंदिर पहुंची, जहां देवी दर्शन कर यात्रा को विराम दिया गया। छत्तीसगढ़ शासन में मंत्री केदार कश्यप ने यात्रा में शामिल होकर विधायक सुशांत और पदयात्रियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने यात्रा के लिए सुशांत शुक्ला को बधाई दी। यात्रा में आशातीत सहयोग के लिए सुशांत ने क्षेत्र की जनता का आभार जताया ।

■ विकसित बेलतरा का यह सुशासन रथ गतिशीलता के खोले विकास के द्वार : शुक्ला

लगभग 171 किलोमीटर से भी अधिक की यात्रा तय कर ध्वजा यात्रा अपने अन्तिम पड़ाव रतनपुर महामाया मंदिर पहुंची जहां देवी का दर्शन पूजन कर यात्रा को ओपचारिक रूप से विराम दिया गया विधायक सुशांत ने यात्रा में अभूतपूर्व सहयोग के लिए क्षेत्रवासियों सहित साथ चल रहे पदयात्रियों को धन्यवाद देकर उनका आभार जताया। सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का सीधा प्रसारण सुन कर विधायक सुशांत शुक्ला ने छठवें दिन की यात्रा की शुरुआत की जो सेदरी लोफ़नदी अमतरा पेंडारवा रानीगांव मदनपुर होकर रात 8.00 बजे रतनपुर महामाया मंदिर पहुंची जहां पदयात्रियों के साथ मां महामाया का दर्शन कर विधायक ने क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की यात्रा में शामिल होने आए छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री केदार कश्यप ने भी ध्वजा यात्रा में भाग लिया और वे पदयात्रियों के साथ मिलकर कुछ दूर साथ चले श्री सुशांत शुक्ला ने मंत्री कश्यप को चुनरी भेंट कर अभिनंदन किया मंत्री की उपस्थिति ने पदयात्रियों के उत्साह को और भी बढ़ा दिया उन्होंने माता के जयकारे लगा कर उनका अभिवादन किया। इस अवसर पर मंत्री केदार कश्यप ने ध्वजा यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि मुझे इस बात पर अत्यंत ही हर्ष है कि आज सुशांत शुक्ला नवरात्रि काल में पदयात्रा करने के अपने संकल्प को निर्बाध रूप से पूरा करने जा रहे हैं। मैं मां महामाया से प्रार्थना करता हूं कि उनकी इस कठिन साधना के प्रभाव के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ की जनता खुशहाली आए हमारा प्रदेश की गिनती देश के अग्रणी राज्यों में हो छत्तीसगढ़ के कोने कोने में सनातन संस्कृति की अविरल धारा प्रवाहित होती रहे यही कामना करते हैं।



#### मांगी क्षेत्र की खुशहाली

बेलतरा विधायक सुशांत ने यात्रा के समापन पर कहा कि आदिशक्ति महामाया देवी प्रदेश के साथ बेलतरा विधानसभा के सभी वासियों को स्वस्थ और दीर्घायु जीवन प्रदान करे सुख और समृद्धि प्रदान करें। इसी मंगलकामना के साथ आज यात्रा का इस वर्ष का विराम हो रहा है। इस संकल्प के साथ कि विकसित बेलतरा का यह सुशासन रथ गतिशीलता के साथ क्षेत्र में विकास की रास्ते खोलता रहेगा। यही कामना के साथ आज हमने छह दिनों तक अनवरत चलने वाली ध्वजा यात्रा को विराम दे रहे हैं।

#### विस अध्यक्ष रमन ने दी शुभकामना

विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने विधायक सुशांत शुक्ला को ध्वजा यात्रा की अभूतपूर्व सफलता पर फोन पर बधाई दी। उन्होंने सुशांत शुक्ला से कहा ध्वजा यात्रा पूरे नवरात्रि काल में प्रदेश भर में चर्चा का विषय बनी रही जिस तरह से आपने गांव गली और मोहल्लों की पैदल चल कर शक्तिपीठों की दुर्गम यात्रा की अत्यंत ही उल्लेखनीय कदम है। इससे आपके भीतर की क्षमता और साहस के अद्वितीय क्षमता का परिचय मिलता है और आभास दिलाता है कि बेलतरा का यह युवा नेतृत्व अपने पुरुषार्थ के बल पर विकास की एक नई गाथा लिखेगा प्रदेश को एक नई दिशा देगा





# घर की छत पर गिरी आकाशीय बिजली

**लोरमी।** तहसील चौंक वार्ड क्रमांक 7 निवासी पंडित नंदकिशोर चतुर्वेदी के घर की छत पर शनिवार की शाम 6 बजे आकाशीय बिजली गिरने से पूरा परिवार बाल बाल बच गया। गाज मारने से घर की छत में छेद हो गया और छत पर लगी पानी टंकी भी क्षतिग्रस्त हो गई।

■ प्राकृतिक आपदा से बाल बाल बचा परिवार

आकाशीय बिजली गिरने से घर के भीतर 15 से 20 मिनट तक धुंआ भर गया था। बोर, घर की लाइट, पंखा सब ध्वस्त हो गए। घर में सन्नाटा छा गया। परिजन काफी डर गए थे। सबसे बड़ी राहत की बात है कि किसी तरह की जन हानि नहीं हुई। घर वाले घटना से सहम गए थे। घटना के थोड़ी देर पहले बच्चे छत में खेल रहे थे। जैसे ही वे घर के अंदर आए आकाशीय बिजली ने अपना कहर बरपा दिया। लोग इसे भगवान का चमत्कार मान रहे हैं। घटना की सूचना पर राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार सीपी सोनी एवं शांतनू तारम अमला सहित घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि घटना का जांच प्रकरण बनाने पटवारी को निर्देशित किया गया है। उसके बाद मुआवजा दिया जाएगा। आकाशीय बिजली की चिंगारी तहसील चौंक एवं डिप्टी सीएम के निवास के सामने भी गिरी। आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग एक पल के लिए सहम गए थे।

# समाज की एकजुटता का प्रतीक बना सीपत केंद्र, दुर्गा को मिली कमान

**सीपत।** क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग आखिरकार पूरी हो गई। शनिवार को भक्त माता कर्मा भवन में आयोजित बैठक में आसपास के 13 ग्रामों के जनप्रतिनिधि, सामाजिक बंधु, मातृत्व शक्ति व युवा बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

इस दौरान सर्वसम्मति से सीपत को नया केंद्र घोषित कर ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। बैठक में आपसी सहमति से दुर्गा प्रसाद साहू को सीपत केंद्र का प्रथम निर्विरोध केंद्राध्यक्ष चुना गया। वहीं घनश्याम साहू को उपाध्यक्ष तथा नागेश्वरी साहू को महिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। नवनिर्वाचित केंद्राध्यक्ष दुर्गा प्रसाद साहू ने कहा कि समाज सेवा का यह अवसर प्रदान करने के लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूँ। जो विश्वास मुझ पर जताया गया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा और समाज को नई ऊर्जा व नई दिशा देने का काम करूंगा। सीपत केंद्र की स्थापना से अब क्षेत्रीय समाजजनों में नई उत्साह और एकजुटता का माहौल बना हुआ है।



### पंचायत सचिव ने नहा रही महिला का बनाया वीडियो

**तखतपुर।** घर में नहा रही महिला के साथ नहा रहे नाबालिग बच्चों का विडियो बनाकर वायरल करने वाले ग्राम पंचायत के सचिव खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है। जानकारी अनुसार प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सुबह 10 से 11 बजे के बीच देवरी निवासी पंचायत सचिव आरोपी सीताराम कौशिक पिता सखन कौशिक जो उनके घर में जबरन घुस आया उस समय वह छोटे छोटे मासूम बच्चों के साथ नहा रही थी। आरोपी नहाते समय वीडियो बनाने लगा। विरोध करने पर उसने उनकी भाभी व छोटे बच्चों जो बिना कपड़ों के थे का वीडियो भी बनाया और बाद में इसे सोशल मीडिया व ग्रुप में वायरल कर दिया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सचिव के खिलाफ धारा 77, 331(3) बीएनएस एवं पाक्सो एक्ट की धारा 12, 15(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# गड्ढेयुक्त सड़क पर डाला गया कच्चा मटैरियल

**मल्हार।** नगर की मुख्य सड़क की दुर्दशा जगजाहिर होने के बाद पीडब्लूडी विभाग ने अपनी नाकामी छिपाने एक हाइवा डस्ट मिश्रित मटेरियल डालकर सड़क को पहले से ज्यादा कीचड़ युक्त बना दिया।

दरअसल नगर के एकमात्र मुख्य सड़क की हालत को लेकर पिछले कुछ दिनों हल्ला मच रहा है कि आए नवरात्र में भी विभाग ने इस सड़क की सुध नही ली जिससे दर्शनार्थियों को परेशान होना पड़ रहा है। शनिवार को एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एक श्रद्धालु अपनी मनोकामना के लिए कीचड़ व गड्ढे युक्त सड़क में जमीन नापते हए मंदिर जा रहे थे। जिसके बाद विभाग की किरकिरी हुई थी और रविवार के अंक में हरिभूमि ने प्रमुखता से इस मुद्दे को प्रकाशित की थी जिसके बाद विभाग के अधिकारी हरकत में तो आए परन्तु तत्कालीन रुप से अपनी नाकामी छिपाने एक हाइवा डस्ट मटेरियल डालकर कर्तव्य पूरा कर लिया जिससे लोगो मे आक्रोश है। स्थानीय लोगो ने कम से कम 4 हाइवा छोटी बड़ी गिट्टी का मटेरियल डलवाने की बात थी परन्तु अनसुना कर दिया गया।





बिलासपुर, सोमवार 29 सितंबर 2025

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255





नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर शक्तिपीठ रतनपुर में स्थित मां महामाया मंदिर में रविवार को श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। आस्था और श्रद्धा से ओतप्रोत वातावरण में भक्तों ने घंटों लाइन मे लग कर मां महामाया के दर्शन कर पूजन-अर्चन किये, इसी बीच प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी सब पत्नी दर्शन के लिए पहुंचे जहां उन्होंने दर्शन कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की।

## लाखों भक्तों ने किए मां महामाया के दर्शन



फोटो : सूरज वैष्णव

# मां महामाया के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़

**बिलासपुर/रतनपुर।** सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। माता के जयकारों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। दूर-दराज़ से आए श्रद्धालुओं ने देवी माँ के दर्शन कर अपने और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रशासन द्वारा विशेष सुरक्षा व्यवस्था और दर्शन के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। मगर आज रविवार होने के कारण दर्शनार्थियों की अपार भीड़ रही जो की लाखों की संख्या में पहुंचे भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी पुलिस बल और ट्रस्ट ने मिलकर व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा। नवरात्रि के दौरान नौ दिनों तक चलने वाले विशेष पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय लोगों के साथ-साथ देशभर से आए श्रद्धालु भी शामिल हो रहे हैं।

## रामेश्वर धाम, भारत-पाकिस्तान बंटवारे के समय की विराजी मां दुर्गा



नवरात्रि के षष्टी पर रविवार को शहर के दुर्गा पंडालों में देर रात्रि तक विधि-विधान से माता की स्थापना की गई, शहर में समितियों द्वारा विभिन्न थीमों पर माता का पंडाल व मुर्ति को विराजित किया गया है। तिलकनगर दुर्गा समिति ने चार धाम में एक रामेश्वर धाम की थीम पर पोस्ट ऑफिस के पास पंडाल बनाया है, इसी तरह गोलबाजार नवयुवक दुर्गात्सव समिति में माता के श्रृंगार से पंडाल की सजावट की गई है। तेलीपारा में आजाद दुर्गा उत्सव समिति ने भारत-पाकिस्तान बंटवारे के समय के समय मां भवानी की प्रतिमा का स्थापना की।



## वीमेन एंट्रस्ट का 'नियोन गरबा' रहा बेहद खास और शानदार



महिला सशक्तीकरण के लिए समर्पित संगठन वीमेन एंट्रस्ट द्वारा रामा वर्ल्ड में आयोजित 'नियोन गरबा' उत्सव यादगार रहा। यह आयोजन पारंपरिक गरबा की समृद्ध संस्कृति और आधुनिक नियोन थीम का शानदार संगम था। अध्यक्षा सोनल अग्रवाल ने कहा हमारा उद्देश्य गरबा को एक नए और रोमांचक रूप में पेश करना था। अध्यक्षा रुचि अग्रवाल ने आगे कहा, इस आयोजन को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया से हम बहुत उत्साहित हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल थे। इसके अलावा, सह-प्रायोजकों में कल्याण ज्वेलर्स, एंबिएंस नेचर, संजीवनी राइस ब्रान ऑयल, बीसीसी न्यूज छत्तीसगढ़, जीके टीएमटी, द कोसमे केयर और कंगारू किड्स शामिल थे, जिनके सहयोग से यह आयोजन सफल रहा।



नवरात्रि पर्व पर सिविल लाइन स्थित ऑफिसर्स क्लब में महिलाओं ने गरबा नृत्य का मनोहारी प्रदर्शन किया।

## डांडिया नाइट में झूमी महिलाएं





अग्रवाल महिला समिति बिलासपुर ने रामदेव लॉन में अग्रवाल महिला डांडिया नाइट का आयोजन किया। इसमें अग्रवाल समाज की 350 महिलाएं, बच्चों ने भाग लेकर जमकर झूमी। समाज के नवयुवक समिति, अग्रवाल सभा के सदस्य, शशि अमर अग्रवाल, निक्की संजय अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। नागपुर से लाइव बैण्ड कार्यक्रम व श्रृंगार मुस्कान पाण्डेय ने किया। इसका महिलाओं, बच्चों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। इस मौके पर मुक्ता अग्रवाल, सरिता जैन, अंजू अग्रवाल, चंचल, अंकुर अग्रवाल, लता, अलका, गायत्री, प्रतिभा, कृष्णा, सीमा चौधरी, अनीता, कुसुम, अध्यक्ष रंजना अग्रवाल, सचिव वंदना जाजोदिया अन्य सदस्य मौजूद रही।

## श्री प्लाजा में कन्या पूजन

नवरात्री के पावन पर्व पर श्री प्लाजा में श्री बुक डिपो तत्वधान में कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इस कन्या पूजन के आयोजन में आसपास के ग्रामीण अंचल के अलावा बहुत सारे शालाओं के विद्यार्थी कन्याओं का आगमन हुआ कन्यापूजन नवरात्रि के पावन पर्व पर श्री प्लाजा प्रतिवर्ष की भांति 9वीं बार संस्थापक नरेन्द्र गुप्ता द्वारा आयोजित किया। इस कार्यक्रम के सहभागी श्री बुक डिपो परिवार के स्टाफ इन तमाम लोगों ने अपनी सेवा कार्य इस भव्य आयोजन में दिया। श्री परिवार की ओर से श्री पीयूष गुप्ता, श्री नरेन्द्र गुप्ता एवं प्रतीक गुप्ता, पुष्प गुप्ता, प्रवीन गुप्ता, पारस गुप्ता, दीपाली गुप्ता, रीना गुप्ता, पाऊल गुप्ता उपस्थित थे।




## सेजेस खपरगंज स्कूल में कन्या भोज

सेजेस लाला लाजपत राय ख़परगंज शाला में विद्यालय की समस्त बालिकाओं का कन्या पूजन और विद्यालय के सभी बच्चों को न्योता भोज विद्यालय में विद्यालय की शिक्षिका सरिता सराफ द्वारा आयोजित किया गया। उक्त भोज के उपरांत बच्चों को गीला और सुखा कचरा को अलग-अलग फेंकने के लिए भी प्रेरित किया गया,विद्यालय में सभी कक्षाओं के बच्चों द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष्य में डांडिया का भी आयोजन किया गया।



सरगांव के पास खम्हारडीह आश्रम में गुरु पिठाधिस्पति श्री श्री सच्चिदानंद तीर्थ महाराज के द्वारा नवरात्रि पर कन्या पूजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कन्याओं का पूजन कर भोग दिया गया।



## बंगाली समाज के 102वें वर्ष में रतनपुर महामाया मंदिर प्रारूप में पूजा

बंगाली एसोसिएशन रेलवे परिक्षेत्र द्वारा दुर्गा पूजा का 102वां वर्ष आयोजन किया जा रहा है,इस वर्ष भी एसोसिएशन ने परंपरा अनुसार दुर्गा पूजा का आयोजन किया है, जिसका शुभारंभ पंचमी के दिन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के एडीआरएम योगेश कुमार देवांगन द्वारा किया गया। इस अवसर पर देवांगन ने एसोसिएशन को ढेर सारी शुभकामनाएं दी और कहा कि यह परंपरा आगे भी चलती रहे, जिससे लोगों को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जुड़े रहने का अवसर मिलता रहे। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ भट्टाचार्य ने बताया कि इस बार दुर्गा पूजा का पंडाल रतनपुर के महामाया मंदिर के प्रारूप में बनाया गया है,जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी देवी-देवताओं का भी संकलन किया गया है। यह आयोजन सांस्कृतिक और धार्मिक माहौल को और भी समृद्ध बनाने का एक प्रयास है। इस अवसर पर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी महासचिव लालटू घोष, सचिव पार्थो साहा, पूजा सचिव उत्तम दे, सांस्कृतिक सचिव अनुपम सरकार, स्कूल कोषाध्यक्ष सुमन दत्ता, लाइब्रेरी सचिव रजत सरकार, महकोषाध्यक्ष सारणेन्दु गांगुली योगदान दिया।



## ग्रीन नवरात्रि और क्लीन नवरात्रि का संदेश दिया

आर्ट ऑफ लिविंग वीडीएस के द्वारा पिछले 4 वर्षों से लगातार नवरात्रि का आयोजन किया जाता रहा है। इस बार भी बेंगलुरु आश्रम से स्वामी जी एवं 4 पंडित पधारे हैं। पिछले 15 दिनों से साधक गण तैयारी में दिन-रात सेवा में जुटे रहे है। विपरीत प्राकृतिक परिस्थितियों में भी भव्य हवन कुंड को सकरी के साधकों द्वारा मूर्त रूप दिया गया है। बिलासपुर की डिस्ट्रिक्ट टीचर कोऑर्डिनेटर रूपा सिंह एवं स्टेट टीचर कोऑर्डिनेटर संदीप बजे ने इस कार्यक्रम को भव्यता से संपन्न करने पहले ही दिन करीब 400 भक्त पूजा में शामिल हुए। हवन का आयोजन भी स्वामी के हवन से होने वाले लाभ के विस्तृत वर्णन और पंडितों के मंत्रोच्चार के द्वारा आरम्भ हुआ। सत्संग टीम के द्वारा सुमधुर सत्संग भी आयोजित है,प्लास्टिक मुक्त रखने के लिए ग्रीन नवरात्रि और क्लीन नवरात्रि का संदेश दिया गया है।




## जगराता में सजा माता का दरबार, मानस मंडलियों ने दी प्रस्तुति

तिफरा विकास नगर में रवि भोई व मोहल्लेवासियों द्वारा जगराता कार्यक्रम किया गया। इसमें बिलासपुर सहित आसपास के मानस मंडलियों को आमंत्रित किया गया था। गायक कलाकारों ने मां दुर्गा की विभिन्न लीलाओं का बखान करते हुए भक्तों को भक्ति रस का पान कराया। रात 8 बजे से प्रारंभ इस जगराता कार्यक्रम में मानस मंडलियों ने एक से बढ़कर एक भक्ति संगीत प्रस्तुत कर खूह वाहवाही लूटी। देर रात तक भक्ति संगीत का आनंद लेने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लगी रही। इसमें मानस मंडलियां को आकर्षक उपहार देकर उनका सम्मान किया गया। माता को चुनरी ओडाई गई। माता का आकर्षक वेशभूषा में सजाया गया। महिलाओं ने भी आरती पूजा कर उनका का आशीर्वाद लिया। इसे सफल बनाने में कैलाश लोनिया, योगेश लोनिया, गोवर्धन पटेल, अंगद भोई, बलदाऊ भोई, नंदू लोनिया, अजीत लोनिया, बंशी लाल ने मानस गान की प्रस्तुत दी। इसमें कुमार लहरे, रामचरण लहरे, संतोष कुलदीप, राजेन्द्र बर्मन, धनेश यादव, शेष प्रताप, अंजू केवट, आराधया, समर, बर्मन, संतोष बर्मन, खुशबू, मधु शर्मा, शुभम, मानिकपुरी, श्याम सोनी, रोहित बंजारे, राजकुमार भोई आदि का सहयोग रहा।



## खबर संक्षेप

### अखंड राम नाम सप्ताह का पांचवां दिन



**बिल्हा।** नवरात्रि पर्व पर बिल्हा का आठ दशक पुरानी गौरवशाली परंपरा अखंड राम नाम पारायण प्रारंभ हो चुका है। उल्लेखनीय है की भक्तिभाव के साथ अखंड रामनाम सप्ताह का आयोजन पिछले आठयासी वर्ष से नवासी वर्ष में प्रवेश कर चुका है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम के साथ रामनाम सप्ताह का आयोजन किया गया है श्री राम जी की नवनिर्मित नयनाभिराम कुटिया के मध्य में श्री राम लक्ष्मण,सीता जी विराजित है। जिनकी परिक्रमा अविराम चौबीस घंटे रात-दिन राम धुन के साथकी जाती है। ज्ञात हो की बिलासपुर जिले में यह आयोजन सिर्फ बिल्हा में होता है इस श्री रामनाम की परिक्रमा में बिल्हा नगर की टोलियो के साथ साथ क्षेत्र के आसपास के सैकड़ों गांव की टोलियों के अलावा बेमेतरा, भाटापारा, मुंगेली जिलों की भजन टोलियां भी अपना अपना प्रदर्शन करने बड़ी संख्या में पहुंचती है। सात दिनों के सुंदर प्रदर्शन के बाद सभी टोलियों को श्री राम, रावण की झांकियों के साथ नगर भ्रमण कर रावण दहन में दशहरा मैदान जाते समय अग्रसेन चौक में अच्छे प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत भी किया जाता है।

### स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर में गरबा महोत्सव



**बेलतरा।** स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर में 27 सितंबर को नवरात्रि पर्व पर गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों ने मां दुर्गा की आराधना करते हुए गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजकर बच्चों ने पारंपरिक गीतों की धुन पर गरबा कर वातावरण को धार्मिक और सांस्कृतिक रंग में रंग दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और माँ दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना से हुआ। विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी गरबा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिसर "जय माता दी" और ढोल की थाप से गूंज उठा। विद्यालय के संचालक गगन कौशिक ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपरा और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की संयुक्त सहभागिता से संपन्न हुआ। विद्यालय से समस्त स्टाफ डुलेश्वर भारती, शुभम, संगीता, साधना, पूर्णिमा, वर्षा, आकांक्षा, शांति, दीप्ति, प्रिया, आशी एवं समस्त बच्चे उपस्थित रहे।

### कामना को मारने से मिलती है सच्ची भक्ति



**दगोरी।** अपनी कामनाओं को त्यागना, मारना ही सच्ची भक्ति है। जिसके पास अहंकार नहीं, वहीं देवी दुर्गा वास करती हैं। उक्त बातें सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति बाजार चौक में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के अवसर कथा वाचिका देवी भक्ति द्विवेदी ने कही। उन्होंने कहा कि जो वर्तमान से संतुष्ट रहता है वही सुखी रहता है। काली माता ने पाप का अंत कर देवताओं की रक्षा की। देवी भागवत कथा के छठवें दिवस धूमलोचन्न, चंद मुंड, शुंभ उद्धार सती चरित्र कथा का संगीतमय कथा के माध्यम से वर्णन किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित होकर देवी भागवत कथा का रसपान किया। इस अवसर पर प्रमुख उपस्थित जनों में यजमान उर्मिला गंगा निर्मलकर, वरुण आचार्य प हेमंत गोस्वामी, कथा सहयोगी जन लाला राम देव, पवन सन्नाट, विनोद पारकर, विश्राम केवट के साथ ही उपस्थित गणमान्य जनों में पूर्व सरपंच प्रतिनिधि घनश्याम कौशिक ,पूर्व सरपंच बिंदा निषाद, समाज सेवी दशरथ सन्नाट, रामाधीन निषाद, मुखीराम निषाद, केदार निर्मलकर, गायत्री निर्मालिकर, बिंदु कौशिक, ईश्वर प्रसाद, मंत्री केवट सहित सेवादार सहयोगी में आरती, पल्लवी, साक्षी निषाद, तमन्ना, संतोषी यादव, अंजना श्रीवास, शांति निषाद के साथ ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### महामाया मंदिर में शारदीय नवरात्र पर्व को उत्साहपूर्ण रूप से मनाया जा रहा



**पथरिया।** सिद्ध शक्तिपीठ महामाया मंदिर में शारदीय नवरात्र पर्व को उत्साहपूर्ण रूप से मनाया जा रहा है प्रतिदिन दर्शनार्थीओ की भीड बढ रही है जसगीत मंडलियो द्वारा सेवा गीत के माध्यम से जागरण हो रहा है आज महामाया मंदिर मे शिव शक्ति महिला जसगीत मंडली तखतपुर के द्वारा सुन्दर भाव के साथ सेवा गीत प्रस्तुत कर भाव विभोर किया। इस अवसर पर संरक्षक जसपाल पाल सिंह छाबड़ा, अध्यक्ष लल्लू राम जायसवाल, कोषाध्यक्ष बराती राम साहू, उपाध्यक्ष गयाराम डडसेना, गेदराम श्रीवास, सचिव बलराम जायसवाल, सहसचिव रमेश साहू,तिजऊ निर्मलकर बैगा बलराम मरकाम, पुजारी गोकुल दास, मोहित पटेल, शंकर पटेल, संतराम निषाद, सिध्द राम पटेल, शामनाथ निषाद, गोपाल पटेल, भरत विश्वकर्मा, आदि ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

## भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया, अंचल में शारदीय नवरात्रि की धूम

# नवरात्र के छठवें दिन कात्यायनी के रूप में हुई माता की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

नवरात्र के छठवें दिन मां डिडनेश्वरी देवी की पूजा अर्चना मां कात्यायनी के रूप में हुई। रविवार होने के कारण दूर दूर से हजारों श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में मत्था टेका एवं श्रीफल पुष्प सुहाग सामग्री के साथ मिठाई एवं फल अर्पित किए।



सुबह से लंबी लाइन लगनी शुरू हुई तो संध्या आरती तक अनवरत चला। मंदिर के भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल केवट अपने सहयोगियों के साथ निरंतर सेवा में लगे रहे। भारी भीड़ के मद्देनजर गाड़ियों के लिए यातायात व्यवस्था बनाए रखने मुख्य मार्ग को पुलिस ने वनवे किया गया था इस वजह से दूर से विभिन्न साधनों से आए श्रद्धालुओं को राहत मिली। स्कूल चौक में पुलिस चौकी के सामने दुर्गा उत्सव समिति के नवयुवकों के सहयोग से चौकी प्रभारी ओंकार धर दिवान ने प्रसाद के रूप में



डिउनेश्वरी देवी मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

खिचड़ी का प्रसाद वितरण कराया। नवरात्रि के सातवें दिन सोमवार को युवा दुर्गा उत्सव समिति ठाकुर देव के तत्वावधान में हजारों श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का आयोजन किया जाएगा जिसकी तैयारियों में समिति के सदस्य लगे हुए है। इस दुर्गा पंडाल में प्रति वर्ष ऐसे ही भव्य आयोजन किया जाता है। नगर के सभी मोहल्लों में शारदीय नवरात्रि की धूम है शक्ति की भक्ति में लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है।

## तखतपुर नगर में निकली काली की सवारी



**तखतपुर।** नवरात्रि पर्व के सप्तमी के दिन मां काली की सवारी ने नगर में भ्रमण किया। इस दौरान मां काली की सवारी ने एक हाथ में तलवार एवं एक हाथ में खप्पर लेकर नगर के सभी देवी मंदिरों का दर्शन किया। इसे देखने के लिए हजारों श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग पर देर रात तक इंतजार करते रहे।नवरात्रि पर्व पर पूरा क्षेत्र भक्ति मय हो गया है। आसपास सभी देवी मंदिरों में माता के गुणगान किए जा रहे हैं। हर वर्ष दोनों नवरात्रि पर्व पर टिकरीपारा से काली की सवारी पूरे नगर का भ्रमण करती है। नगर के सभी देवी मंदिरों में काली सवारी पहुंचती है। यह भ्रमण लगभग 11 बजे से शुरू होता है जो देर रात लगभग 1 बजे तक होता है। नगर में काली की सवारी एक हाथ में खप्पर एवं एक हाथ तलवार होता है जो आकर्षण का केन्द्र रहता है। इस सवारी के सामने जब कभी कोई सामने आता है तो मां क्रोधित होकर हाथ में रखे तलवार से वार कर देती है, जिसके चलते लोग श्रद्धालु सडक के दोनों किनारों पर खड़े हो कर काली का दर्शन करते हैं। यह सवारी मंदिरों में पहुंची है तब मंदिर के पूजारी द्वारा पूजा अर्चना की जाती है। काली की इस सवारी के स्वागत के लिए घर के बाहर में चौक पूरे जाते हैं।

## कलेक्टर-एसपी गरबा महोत्सव में हुए शामिल



**लोरमी।** नगर में आयोजित गरबा महोत्सव के दूसरे दिन कलेक्टर कुंदन कुमार, एसपी भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडे शामिल हुए।

कलेक्टर, एसपी, सीईओ ने मां जगजननी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर गरबा महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत की। जिले के कलेक्टर एसपी ने गरबा में शामिल हुए बच्चों के उत्साह के लिए सबके साथ गरबा डांडिया भी किया। कलेक्टर कुंदन ने कहा कि यहां रंग बिरंगे पारम्परिक तरीके से गरबा वेशभूषा में देखकर बच्चों के उत्साह का अंदाजा लगाया जा सकता है कि शक्ति की आराधना के पर्व नवरात्रि में हमारी बेटियां इस उत्सव को मनाने कितनी उत्साहित रहती है। जिले के एसपी भोजराम पटेल ने कहा की नौ दिन में माता के जिन स्वरूपों की पूजा होती है। उन नौ रूपों को अपने घर की बेटी में भी देखा जा सकता है और सभी से कहा की मातृशक्ति का हमेशा सम्मान करना चाहिए। साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में अपनी बातें रखी। गरबा महोत्सव को लेकर लोगों में जबरदस्त खुशी और उत्सव का माहौल देखने के लिए मिल रहा है। रंग बिरंगी आकर्षक पोशाक में पारंपरिक गरबा गीतों में गरबा करने भीड़ उमड़ रही है। लोरमी थाना ग्राउंड में तीन दिनों तक गरबे का आयोजन होगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सभी सदस्य जुटे हुए हैं।

## मां की आराधना हमारी संस्कृति और संस्कारों का प्रतीक



**सकरी।** नवरात्र पर ग्राम खजुरी में रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गांव की महिलाओं, बालिकाओं ने रंग बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सज धजकर मनमोहक रास गरबा नृत्य प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि मां दुर्गा की आराधना केवल पूजा पाठ नहीं बल्कि हमारी चेतना, हमारी संस्कृति और संस्कारों का प्रतीक है यह नवरात्रि का पर्व हमें यह सिखाती है कि स्त्री मात्र कोमलता की मूर्ति नहीं बल्कि अपार शक्ति,साहस और सृष्टि की जननी है ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा आती है और युवा पीढ़ी को अपनी परम्पराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सरपंच राधा अविनाश वर्मा ने कहा कि हमारे गांव की बेटियां, माताएं और बहनों ने जिस समर्पण और उत्साह से इस आयोजन में भाग लिया है यह हमारे समाज में नारी शक्ति की मजबूत उपस्थित और नेतृत्व का प्रमाण है। कार्यक्रम को राज्यपाल से पुरस्कृत सेवानिवृत्त शिक्षक करमू गुरुजी, आर एस वर्मा, अवधराम ध्रुव,देवनाथ छेदाम, हर प्रसाद नेताम, घनश्याम छेदाम ,बलदेव पोरते, ज्ञान सिंह, मनीष तिवारी, डॉ. प्रवीण तिवारी, आनंद अवस्थी, सतीश सोनकर, राहुल श्रीवास, नवीन छेदाम, राहुल छेदाम, दिलहरण नेताम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष छेदाम एवं आभार प्रदर्शन सरपंच प्रतिनिधि डॉ. अविनाश वर्मा ने किया।

## मां की भक्ति में डूबा मुंगेली नगर सहित पूरा अंचल



**मुंगेली।** नवरात्र में मां की भक्ति में शहर सहित पूरा अंचल भक्ति में डूबा हुआ है। मंदिरों में भी नवरात्र की हर तिथि को खास बनाने की तैयारी की गई है। देवी मंदिरों में मां की विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। दुर्गा पंडालों में जसगीत का आयोजन किया जा रहा है। देर रात्रि तक सड़क में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है।

नवरात्रि पर्व के चलते जहां पूरा शहर भक्तिमय माहौल में लीन है, वहीं सुबह से ही भक्तों का तांता मंदिरों में लग रहा है। मां महामाया मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लग रहा है। मंदिरों में देवी माता को लाल साड़ी व लाल रंग की चुनरी के साथ सोलह श्रृंगार किए गए व वृहद आकार की मुकुट, स्वर्ण हार, नयन, कमर में करधन व पैरों में पायल का श्रृगांर करने की पुरानी पंरपरा का इस वर्ष भी निर्वहन किए। दुर्गा उत्सव समितियों के द्वारा अनवरत रूप से दुर्गा स्थापना की होड लगी हुई है जिनमें प्रमुख रूप से नवनीत दुर्गा उत्सव समिति बालानी चौक, ओम शांति दुर्गा उत्सव समिति सामुदायिक भवन, सर्वेश्वरी दुर्गा उत्सव समिति आगर क्लब मैदान, जय शक्ति दुर्गा उत्सव समिति बाल मंदिर, नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति दाउपारा, श्री हनुमंत दुर्गा उत्सव समिति नया बस स्टैड, इसी तरह श्री सिध्दि विनायक दुर्गा उत्सव समिति नया बस स्टैड विगत कई वर्षो से पंडालों में दुर्गा स्थापना कर रहे है। वहीं दूसरी ओर शहर के नगर पालिका स्कूल के मैदान, बीआरसाव स्कूल मैदान, सेंट जेवियर्स स्कूल मैदान, बिलासपुर रोड स्थित वैष्णवी मंगलम, बीआरसाव धर्मादा ट्रस्ट एवं सिंधी कालोनी झूलेलाल धाम में चल रहे गरबा में युवाओं, महिलाओं और बच्चों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। महिलाएं और युवतियां गरबा के गीतों पर गरबा खेलते दिखी। जिसमें गरबा प्रेमियों की भारी भीड़ पहुंच रही है। जिसके कारण देर रात तक गरबा का माहौल शहर में देखने को मिल रहा है।

## विरानी स्कूल में मना दशहरा राम-सीता की झांकी ने मोहा मन



**सीपत।** विरानी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को दशहरे का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान व विभिन्न चरित्रों की आकर्षक वेशभूषा धारण कर मोहक झांकियां प्रस्तुत की। छोटे-छोटे बच्चों के उत्साह और अद्भुत प्रस्तुति ने पूरे माहौल को धार्मिक रंग में रंग दिया। विद्यालय प्रांगण में प्रतीकात्मक रावण दहन का आयोजन किया गया। इससे पहले बच्चों ने जोरदार जय श्रीराम और हर-हर महादेव के गगनभेदी जयकारों से वातावरण को गूंजायमान कर दिया। रावण के पुतले को जलते देख बच्चे हर्षित और उत्साहित नजर आए। विद्यालय की प्राचार्या तारा गिरी ने विधिवत श्रीराम, सीता और त्रिलोक नरेश रावण की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, दशहरा केवल अच्छाई की बुराई पर विजय का पर्व ही नहीं, बल्कि यह जीवन में सत्य, साहस और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। नन्हें बच्चों की आज की प्रस्तुति ने यह सिद्ध कर दिया है कि आने वाली पीढ़ी भी हमारी परंपराओं और संस्कृति को पूरी आस्था और उल्लास से आगे बढ़ा रही है। विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम उल्लासमय माहौल में संपन्न हुआ।

## डीएवी परसदावेद में गरबा उत्सव, झूमे श्रद्धालु



**मस्तूरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल परसदावेद में नवरात्रि के पावन अवसर पर दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। पहले दिन कक्षा एल केजी से दूसरी कक्षा तक और दूसरे दिन पर कक्षा तीसरी से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों के के अभिभावकों की बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर अभिभावकों ने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति को निकट से जाना और गरबा उत्सव का उल्लासपूर्वक आनंद लिया। नन्हीं बालिकाओं की ओर से प्रस्तुत की गई नवदुर्गा के नौ स्वरूपों की चैतन्य झांकी ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद आयोजित गरबा नृत्य में बच्चों के साथ उनके दादा-दादी और अभिभावकों ने भी भाग लिया। वहीं उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों एवं पूर्व विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी जसगीत, पचरा गीत और भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बनाया और सभी ने गरबा में सम्मिलित होकर उत्सव की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर उपस्थिति पालकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और जीवन में नवदुर्गाओं से प्रेरणा लेकर शक्ति, साहस, ज्ञान, भक्ति, विवेक, करुणा, संयम, सेवा और विजय जैसे गुणों को आत्मसात करने का संदेश दिया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नवरात्रि के महत्व से अवगत कराना, उनमें नवदुर्गा के गुणों का संचार करना, नारी सम्मान के प्रति जागरूक बनाना तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना था।

### आज घर-घर महाभारत है, तो गीता ज्ञान की आवश्यकता सभी को हैः शशिप्रभा



**मस्तूरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि कोटमी सोनार की ओर से स्टेशन मोहल्ला मार्ग पर 'श्रीमद् भगवत गीता सार सुखद जीवन का आधार' ज्ञान यज्ञ आयोजन किया जा रहा है। कथा के पांचवें दिन कथा वाचिका राजयोगीनी तपस्विनी ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा दीदी ने श्रद्धालुओं को परमात्मा का गीता में वर्णित सत्य परिचय से अवगत कराते हुए कहा कि भगवान इस धरा पर आते हैं। आज घर-घर में महाभारत है, तो गीता ज्ञान की आवश्यकता सभी को है, और भगवान स्वयं आकर यह ज्ञान दे रहे हैं। गीता में दिए गए वचन के अनुसार जब-जब धर्म की अति ग्लानि हानि होगी तब-तब भगवान धरा पर अवतरित होते हैं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने चैतन्य देवियों की झांकी के भी दर्शन किए।

# रास-गरबे की धुन पर थिरकीं युवतियां-बच्चे

**मुंगेली।** सबसे बड़ा तेरा नाम हो शेरावाली की गूंज के साथ हर वर्ष की भांति केशरवानी महिला समिति ने शानदार गरबा महोत्सव का आयोजन स्थानीय भवानी साव रामलाल साव धर्मादा ट्रस्ट धर्मशाला में सर्वप्रथम देवी दुर्गा की पूजा आरती प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा अनीता गुप्ता, राष्ट्रीय संगठन मंत्री जया गुप्ता, संरक्षक प्रमिला गुप्ता, सपना गुप्ता, अध्यक्ष ज्योति गुप्ता, सचिव संध्या दीवान एवं उपस्थित सभी महिला सदस्यों ने किया।

हमेशा की तरह सुंदर मंच संचालन करते हुए सांस्कृतिक सचिव रिंकी गुप्ता एवं कनक केशरवानी की जुगल जोड़ी ने कार्यक्रम की शुरुआत संरक्षक अनिता गुप्ता दुर्गा पाठ, संगठन मंत्री सीमा गुप्ता दुर्गा माता की स्तुति, संरक्षक मनोरमा गुप्ता धार्मिक व्याख्यान, संगठन मंत्री किरण दीवान दुर्गा स्तुति, संरक्षक जया गुप्ता सुंदर डांस चाल शैकी शैकी, संध्या दीवान नृत्य,



उपाध्यक्ष ममता केशरवानी देवी दुर्गा के नो रूपों का वर्णन सुंदर कविता के माध्यम से, तनु और प्रिंसी को जोड़ी ने शानदार गरबा नृत्य, विशिष्ट सलाहकार विभा के चुटकुले ने तो पूरे गरबा पंडाल को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। इसी बीच ज्योति गुप्ता द्वारा अपने माता पिता स्व. गौटियाराम एवं स्व. तमेश्वरी केशरवानी की स्मृति में पदाधिकारियों का सम्मान पुष्पगुच्छ व उपहार देकर किया गया। रंगारंग गरबा में इस बार भी मंगला ग्रुप सपना, सोनल, मेघा, वंदना, रंजीता, कनक, साक्षी, सुरेखा, सरोज, विभा,ऋतु, काजल वैष्णवी ग्रुप जया, प्रमिला, सावित्री शारदा ग्रुप रिंकी, ज्योति, सीमा, अमिता, पदमा, दिव्या, शालिनी, समीक्षा, क्षमा याचना स्तुति ललिता देवी, राजेश्वरी, वंदना, रंजीता, कनक, साक्षी तत्पश्चात कृष्ण जी के चारो युगों को मनमोहक नृत्य द्वारा रिंकी, कनक, तनु, शालिनी, तरिशी शानदार प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया, सुरेखा और प्रिंसी मां बेटी के शानदार युगल डांस की तो बात ही क्या कहने, सीता और साथी नृत्य, सावित्री, कविता द्वारा माता रानी के धार्मिक भजन से पंडाल भक्तिमय हो गया। सुंदर डांडिया सजावट में माही केशरवानी, सांघवी गुप्ता, स्मिता गुप्ता, ऋतु गुप्ता, समीक्षा केशरवानी को अनिता, ज्योति, रिंकी की तरफ से उपहार प्रदान किया गया। अंत में सामूहिक गरबा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में सामाजिक महिलाए, बच्चे, वैश्य सभा एवं तरुण सभा के सदस्य उपस्थित रहे।


**न्यायालय नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/Q/ना.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 22/09/2025

ग्राम कुदुदण्ड के सर्व साधारण/ आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम कुदुदण्ड प.ह.न. 34 तहसील बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा EWS के लिए श्री सरफुद्दीन आ. कमरुद्दीन निवासी नेहरू नगर द्वारा अपने पुत्री महजबीन बानो के लिए आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 07/10/25 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 22/09/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गिरीश कुमार अग्रवाल पिता स्व. नरेंद्र कुमार अग्रवाल निवासी ब्रहस्पति बाज़ार बिलासपुर छत्तीसगढ़ के स्वामित्व हक की कृषि भूमि स्थित मौजा सैदा मन 1 प.ह.न. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 70/2 रकबा 0.8700 हेक्टेयर/2.149 एकड़ तथा सैदा मन 2 प.ह.न. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 61/2 रकबा 0.457 हेक्टेयर 1.13 एकड़ तथा खसरा नंबर 63/1 रकबा 0.582 हेक्टेयर / 1.44 एकड़ कुल खसरो की संख्या तीन कुल रकबा 1.909 हेक्टेयर / 4.719 एकड़ भूमि को JADE INFRAVENTURES LLP द्वारा खरीदने का सौदा कर लिया गया है जिसका जल्द ही पंजीयन करा लिया जायेगा।

अतः इस बाबत जिस किसी व्यक्ति बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय आदि को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से दिनांक 01.10.2025 के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेज सहित आपत्ति प्रकट कर सकता है। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

**नवीन कुमार बिसेन**
**अधिवक्ता**
**आनन्द अपार्टमेंट के सामने सांई मंदिर के पास 27 खोली बिलासपुर छ.ग.**
**मो. 9893977620**

**Notice**

This is to notify that Partner, Smt. Meena Somani, W/o K L Somani, Flat No 103, Orange Tower, Hansa Vihar, S.K.Verma Marg, Bilaspur has retired willfully from Partnership firm, M/s Maa Santoshi Associates w,e,f 23.07.2025.

**Soma Chatterjee**
**Partner M/s Maa Santoshi Associates**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रश्मि अग्रवाल पिता हरी शंकर अग्रवाल निवासी ब्रहस्पति बाज़ार बिलासपुर छत्तीसगढ़ के स्वामित्व हक की कृषि भूमि स्थित मौजा सैदा म.नं.1 प.ह.नं. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 70/3 रकबा 0.3840 हेक्टेयर /0.948 एकड़ तथा खसरा नंबर 70/4 रकबा 0.7370 हेक्टेयर / 1.821 एकड़ तथा खसरा नंबर 70/5 रकबा 0.4250 हेक्टेयर /1.05 एकड़ खसरा नंबर 70/6 रकबा 0.1820 हेक्टेयर / 0.449 एकड़ तथा खसरा नंबर 70/7 रकबा 0.2430 हेक्टेयर / 0.60 एकड़ तथा सैदा म.न. 2 प.ह.न. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 60/1 रकबा 0.275 हेक्टेयर / 0.68 एकड़ तथा खसरा नंबर 60/2 रकबा 0.138 हेक्टेयर / 0.34 एकड़ तथा खसरा नंबर 60/3 रकबा 0.138 हेक्टेयर / 0.34 एकड़ तथा खसरा नंबर 60/4 रकबा 0.275 हेक्टेयर / 0.68 एकड़ तथा खसरा नंबर 61/1 रकबा 0.632 हेक्टेयर/1.56 एकड़ तथा खसरा नंबर 63/4 रकबा 0.186 हेक्टेयर / 0.46 एकड़ तथा खसरा नंबर 64/1 रकबा 0.353 हेक्टेयर / 0.87 एकड़ तथा खसरा नंबर 67/4 रकबा 0.081 हेक्टेयर /0.20 एकड़ तथा सैदा म.नं. 4 प.ह.नं. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 11/4 रकबा 0.2020 हेक्टेयर / 0.499 एकड़ तथा खसरा नंबर 14/1 रकबा 0.1620 हेक्टेयर / 0.400 एकड़ तथा खसरा नंबर 14/2 रकबा 0.1620 हेक्टेयर / 0.400 एकड़ तथा खसरा नंबर 15/1 रकबा 0.0890 हेक्टेयर / 0.219 एकड़ तथा खसरा नंबर 16/1 रकबा 0.3360 हेक्टेयर /0.830 एकड़ कुल खसरों की संख्या अठारह कुल रकबा 5.000 हेक्टेयर/12.35 एकड़ भूमि को JADE INFRAVENTURES LLP द्वारा खरीदने का सौदा कर लिया गया है जिसका जल्द ही पंजीयन करा लिया जायेगा।

अतः इस बाबत जिस किसी व्यक्ति बैंक, संस्था, शासकीय अर्थ शासकीय कार्यालय आदि को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से दिनांक 01-10-2025 के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेज सहित आपत्ति प्रकट कर सकता है। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

**नवीन कुमार बिसेन (अधिवक्ता)**
आनन्द अपार्टमेन्ट के सामने
साँई मंदिर के पास, 27 खोली, बिलासपुर (छ.ग.) मो.-9893977620

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ पत्रकार न्याय कल्याण महासंघ के सलूजा प्रदेश अध्यक्ष



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ पत्रकार न्याय कल्याण महासंघ का बैठक सर्किट हाउस बिलासपुर में रखा गया। जिसमें तिलक सलूजा को सर्व सहमति से प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं शशांक खरे को प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश सचिव गणेश विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष एम मलिक, संयुक्त सचिव शिव अवस्थी को नियुक्त किया गया है। प्रदेश कार्यकारणी में रमेश शर्मा, हरीश राठौर और वीरेंद्र यादव का नाम सर्व सहमति से पारित किया गया। छत्तीसगढ़ पत्रकार न्याय कल्याण महासंघ की बैठक में प्रेस क्लब बिलासपुर सचिव संदीप करिहार, आर जी गोस्वामी, जितेंद्र ठाकुर, शिव तिवारी, रवि एस शुक्ला, अंशुल अवस्थी, अरविंद कुमार मिश्रा मौजूद थे। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया है कि प्रदेश कार्यकारणी का शीघ्र ही विस्तार करने एवं संभाग, जिला तहसील एवं ब्लाक में गठन करने का निर्णय लिया गया।

### दुर्गा उत्सव में स्काउट्स-गाइड्स के सेवाओं की सराहना



**बिलासपुर।** नवरात्रि महोत्सव पर आदर्श दुर्गोत्सव समिति पंडाल, सुभाष नगर में संध्या आरती का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव व उनकी पत्नी मंजू यादव ने मां दुर्गा की आरती कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति, स्वास्थ्य एवं समृद्धि की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। उन्होंने आदर्श दुर्गोत्सव समिति द्वारा की जा रही उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की सराहना की और स्काउट्स-गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स के सेवा कार्यों को समाजहित में अनुकरणीय बताया। उक्त उत्सव कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त स्काउट महेन्द्र बाबू टंडन, जिला संगठन आयुक्त गाइड डॉ. पूनम सिंह, स्काउटर शशांक विश्वकर्मा, निखिल सिंह, सूर्यकांत खूंटे, रेंजर सांध्य तिवारी, मिंदु सांडे, संगीता सिंह, जिले के रोवर्स उपस्थित थे।

### वृद्धाश्रम में सेवा पखवाड़ा, महापौर ने किया वरिष्ठजनों का सम्मान




**बिलासपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा रजत जयंती समारोह एवं सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत आज कल्याण कुंज वृद्धाश्रम एवं सुवाणी प्रशामक देख-रेख गृह जोरापारा में वृद्धजनों का शाल,श्रीफल और फूल-माला से सम्मान किया किया गया। इस अवसर पर मेयर पूजा विधानी ने बताया कि वृद्धाश्रम में सभी वरिष्ठजनों का चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा कर आवश्यकतानुसार दवाईया वितरित की गई। संयुक्त संचालक ने टी.पी. भावे ने विभाग द्वारा वरिष्ठजनों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर कृपाल सिंह भोगल, अमित तिवारी वार्ड पार्षद, कल्याण कुंज आश्रम के अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, नित्यानंद अग्रवाल, सतीश शाह, डॉ. पमलेश साहू, डॉ. अब्दुल रज्जाक खान, सीता सोन्थालिया, डॉ. सत्यभामा अवस्थी, अरूणा दीक्षित, प्रशांत मोकासे, विजय केशकर, दादुलाल बरेठ,राजेश सिसोदिया, राधेश्याम यादव, सौरभ दीवान, कृष्णा सिलारपू, संतोष केशरवानी आदि का सहयोग रहा।

### कालेजों में फर्स्ट सेमेस्टर इंटर्नल एग्जाम चालू

**बिलासपुर।** कालेजों में एडमिशन प्रक्रिया समाप्त हो चुका है और फर्स्ट सेमेस्टर में जो स्टूडेंटस एडमिशन लिए हैं उनका पहला इंटर्नल एग्जाम चालू हो गया है। एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार सितंबर माह में फर्स्ट इंटर्नल एग्जाम आयोजित करना है और बार-बार प्रवेश तिथि नहीं बढ़ने के कारण समय पर इंटर्नल एग्जाम हो रहा है। इस सत्र कालेजों में इंटर्नल एग्जाम समय पर हो रहा है। पिछले साल कालेजों में प्रवेश की तिथि तीन बार बढ़ाई गई थी और 30 सितंबर तक कालेजों में एडमिशन प्रक्रिया चलती रही। इसलिए कालेजों में विलंब तक एडमिशन प्रक्रिया चलने के कारण इंटर्नल एग्जाम का शेडयूल प्रभावित हुआ था और उच्च शिक्षा विभाग को संशोधित एकेडमिक कैलेंडर जारी करना पड़ा था। इस बार उच्च शिक्षा विभाग ने केवल एक बार प्रवेश तिथि आगे बढ़ाया था और 25 अगस्त को प्रवेश की अंतिम तिथि थी। प्रवेश प्रक्रिया समाप्ति के बाद एनईपी तहत फर्स्ट सेमेस्टर की क्लासेस लगनी शुरू हो गई थी। इसलिए इस बार समय पर इंटर्नल एग्जाम कालेजों में चालू हो गया है। अलग-अलग कालेजों में अलग-अलग तिथियों में इंटर्नल एग्जाम चल रहा है। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने जो एकेडमिक कैलेंडर जारी किया है, उसके अनुसार इंटर्नल एग्जाम कराना है। छात्रों को अपने विषय के अलावा आप्शनल विषय भी पढ़ना है।

### पड़ोसी ने युवक के पेट में मारा चाकू, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** घर के सामने गाली देने से मना करने पर पड़ोसी ने युवक के पेट पर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, छोटी कोनी निवासी उषा सोनवानी पति श्यामचंद सोनवानी 27 सितंबर को रात 9 बजे बच्चों के साथ घर में थीं। इसी दौरान पड़ोसी नरेंद्र कुमार अनंत उनके गेट के पास खड़े होकर गाली गलौज कर रहा था। उन्होंने घर से बाहर निकलकर उसे गाली देने से मना किया। उसी दौरान उनका बेटा नितिन कुमार सोनवानी मार्केट से आया और उसे गाली देने से मना किया तो उसके साथ गाली गलौज करते हुए चाकू से पेट पर जान लेवा हमला कर दिया। गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मां उषा सोनवानी की रिपोर्ट पर हमलावर पड़ोसी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

**जिला कोर्ट के सामने बनेगी बहुमंजिला बिल्डिंग** | **विभाग के सारे डिवीजन कार्यालय एक ही भवन में संचालित होंगे**

# पीडब्ल्यूडी के पांचों डिवीजनों के संचालन के लिए बनेगी कंपोजिट बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक एक, संभाग क्रमांक दो, सेतु डिवीजन, विद्युत यांत्रिकी डिवीजन और नेशनल हाईवे डिवीजन के कार्यालय अब एक ही भवन में संचालित होंगे। इसके लिए जिला एवं सत्र न्यायालय गेट नंबर दो के सामने स्थित एनएच डिवीजन वाले स्थान पर 18 करोड़ रूपए की लागत से बहुमंजिला इमारत बनाने की तैयारी की जा रही है। बिल्डिंग के डीपीआर तैयार करने के लिए रायपुर की एक कंपनी को बतौर कंसलटेंट नियुक्त किया जा चुका है।

विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग भवनों में संचालित हो रहे लोक निर्माण विभाग के सभी कार्यालयों को अब एक ही छत के नीचे संचालित करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए जिला एवं सत्र न्यायालय गेट नंबर दो के सामने स्थित नेशनल हाईवे डिवीजन कार्यालय वाली जगह पर बहुमंजिला कंपोजिट बिल्डिंग बनाई जाएगी। भवन निर्माण से पूर्व डीपीआर तैयार करने के लिए नीना एसोशिएट नामक रायपुर की कंपनी को नियुक्त किया गया है। पीडब्ल्यूडी के पांचों डिवीजन फिलहाल अलग-अलग जगहों पर संचालित हो रहे हैं। कंसलटेंट कंपनी द्वारा डीपीआर तैयार करते ही इसकी निविदा की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

### पीडब्ल्यूडी संभाग क्रमांक दो को मिलेगी बड़ी राहत

पीडब्ल्यूडी संभाग क्रमांक-दो का कार्यालय फिलहाल चकरभाठा में संचालित हो रहा है। उक्त भवन में न तो बिजली रहती और न ही इंटरनेट की सुविधा ही बेहतर मिल पा रही है, जिससे विभाग के ऑनलाईन कार्यों में बड़ी बाधा होती है। चकरभाठा में जलस्तर औसतन करीब चार सौ फीट से भी नीचे रहता है, जिससे यहां पानी की समस्या भी लगातार बनी रहती है। सबसे बड़ी बात शहर से नौ किलोमीटर दूर होने के कारण न केवल कर्मचारियों, बल्कि आम जनमानस को भी आवागमन में बड़ी परेशानी होती है। नई बिल्डिंग बन जाने के बाद उक्त कार्यालय के शहर में ही शिफ्ट हो जाने से बड़ी राहत मिल सकेगी।

### तीन मंजिला होगी बिल्डिंग

प्रस्तावित संयुक्त कार्यालय भवन ग्राऊंड प्लस थ्री मतलब तीन मंजिला होगा। बिल्डिंग पूरी तरह ईको फ्रेंडली बनाने की योजना है। इसके साथ ही पार्किंग सहित विभिन्न सुविधाओं का ख्याल रखा जाएगा। वैसे तो इस भवन में विभाग के सारे कार्यालय शिफ्ट करने की योजना है, लेकिन नई बिल्डिंग में जगह कम होने की स्थिति में कुछ कार्यालयों को एनएच के पीछे स्थित चीफ इंजीनियर कार्यालय भवन में भी शिफ्ट करने की तैयारी है। यह भवन भी लगभग नया ही है, जिसे बीते वर्षों में बनाया गया था।

### ईको फ्रेंडली होगी बिल्डिंग

कंसलटेंसी के लिए चार से पांच कंपनियां आईं थीं। उन्हीं में से एक कंपनी को डीपीआर तैयार करने के लिए चुना गया है। डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है। करीब 18 करोड़ की लागत से प्रस्तावित नई बिल्डिंग में सारे डिवीजन एक साथ संचालित हो सकेंगे। उक्त बिल्डिंग ईको फ्रेंडली व सर्वसुविधायुक्त होगी।

-केपी संत, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी

---

**भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसरण से बचेंगी नदियां**

# नदियों की जमीन हड़पने वालों के विरुद्ध कठोर कानून बनेः भारती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा कला मंच और बिलासपुर प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व नदी दिवस पर आयोजत नदी संवाद में प्रमुख वक्ता नदी विशेषज्ञ प्रो. ओम प्रकाश भारती ने कहा कि भारत की नदियां पूज्य और देवी-देवताओं की श्रेणी में थी।

नदियां स्वर्ग से धरती पर आई थीं। राजाओं के समय में नदियां समाज की थी और अब सरकार की है। सरकार ने नदियों पर बांध बनाया, नहरें निकाली, पनबिजली घर बने। नदियों का प्राकृतिक बहाव अवरूद्ध हुआ। नदियों को प्राकृतिक दायित्व निभाने से रोका गया। 1837 में अंग्रेजों ने अधिनियम पारित कर नदियों को हथिया लिया। अब नदियों का उपयोग और दुरूपयोग सरकार करने लगी। नदियों में प्रवाहित और झीलों में संचित पानी सरकार के अधीन आ गया। उन्होंने बाँध, वियर तथा बैराज बनाए। नहरों की मदद से खेतों को पानी दिया। पानी पर टैक्स लगाया। उन्होंने बताया कि 1987, 2002 तथा 2012 की जलनीति के प्रावधानों से परिलक्षित होता है कि सरकार अंग्रेजों द्वारा निर्धारित जल नीति को अक्षुण रखना चाहती हैं। भूजल का स्तर गिरता जा रहा है। 2001 के आंकड़ों को देखें, तो आज की तस्वीर काफी गंभीर है। बिलासपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिलीप यादव, संदीप करिहार, लोकेश वाघमारे, रमेश सिंग सहसचिव, कैलाश यादव, इरशाद अली, चंद्रप्रकाश देवरस उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बिलासा कलामंच के अध्यक्ष महेश श्रीवास ने तथा आभार प्रदर्शन प्रेस क्लब के सचिव संदीप करिहार ने किया



### भारत में प्रति व्यक्ति भूमिगत जल की उपलब्धि 5120 लीटर

श्री भारती ने बताया कि 1951 में यह उपलब्धता 14180 लीटर थी। 1991 में यह आधे पर पहुंच गई थी। अनुमान के मुताबिक 2025 तक प्रति व्यक्ति के लिए प्रति दिन के हिसाब से 1951 की तुलना में केवल 25 फीसद भूमिगत जल ही शेष बचेगा। केंद्रीय भूजल बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक साल 2050 तक यह उपलब्धता घटकर केवल 22 फीसदी ही बचेगी। तथ्य के अनुसार हर दिन औसतन 321 अरब गैलन पानी मनुष्यों द्वारा इस्तेमाल किया जाता है। इसमें 77 अरब गैलन पानी अकेले पृथ्वी के भीतर से निकाला जाता है। भारतीय नदियों से प्रतिवर्ष लगभग 500 मिलियन टन रेत अवैध रूप से निकाली जाती है, जिससे पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ रहा है।

### छोटी नदियां अतिक्रमण के कारण लुप्त हो रही

नदी मित्र भारती ने कहा छोटी नदियां अतिक्रमण के कारण लुप्त हो रही हैं। छोटी नदियों के प्रवाह क्षेत्र की अधिकांश ज़मीन किसान और रैयतों की है। उच्च मार्ग (हाइवे), रेलवे, उद्योग के लिए ज़मीन अधिग्रहण करने की नीति, योजना तथा अभ्यास है आपके पास, तो इन छोटी नदियों के लिए क्यों नहीं? छोटी नदियां बड़ी नदियों का आधार है। नदियां तो निर्जीव है, चल फिर तो सकती है, लेकिन कानूनी लड़ाई नहीं लड़ सकती, कोर्ट कचहरी नहीं जा सकती। उसके लिए लड़ना तो समाज को ही होगा। भारत में नदियों से संबंधित कानून मुख्य रूप से जल विवाद निपटान, प्रदूषण नियंत्रण, और संरक्षण पर केंद्रित हैं। अंतरराज्यीय नदी जल विवाद अधिनियम, 1956 और नदी बोर्ड अधिनियम, 1956 प्रमुख हैं। नदियों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए एक एकीकृत नदी अधिनियम की आवश्यकता महसूस की जा रही है। संवाद की अध्यक्षता बिलासा कला मंच की संस्थापक डा. सोमनाथ यादव ने की।।

---

# श्री गुरुतेग बहादुर साहिब की यात्रा 5 को पहुंचेगी शहर




**बिलासपुर।** सिख समाज छत्तीसगढ द्वारा सिख समाज के नवें गुरु धन धन श्री गुरुतेग बहादुर साहिब के 350 वे शहादत वर्ष को समर्पित छत्तीसगढ स्तरीय एतिहासिक संदेश यात्रा आगामी 3 अक्टूबर को स्टेशन रोड रायपुर गुरुद्वारा से आरंभ होगी। यह यात्रा प्रदेश के विभिन्न शहर से होते हुए 5 अक्टूबर को शाम बिलासपुर पहुंचकर रात्रि विश्राम के बाद आगे चांपा के लिए प्रस्थान करेगी। छत्तीसगढ के विभिन्न शहर से होते हुए रायपुर वापस पहुंचेगी। इसकी तैयारी को अंतिम रुप देने के लिए कार्यक्रम के संयोजक सिक्ख समाज छत्तीसगढ के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष महेन्दर सिंह छाबडा एवं संयोजक सुरेंदर सिंह छाबडा के आव्हान पर प्रदेश के गुरुद्वारा प्रबंधक के पदाधिकारियों की मीटिंग रायपुर में आयोजित की गई। इसमें बिलासपुर गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद के पूर्व अध्यक्ष अमरजीत सिंह दुआ, गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद के सह सचिव एवं सिख समाज छत्तीसगढ बिलासपुर जोन प्रमुख डा. चरनजीत सिंह गंभीर, डिम्पल उबेजा, गुरुद्वारा हीरानगर सिरगिट्टी तारबाहर से रनजीत खनूजा, गोल्डी होरा एवं अध्यक्ष श्री खनूजा, दयालबंद बिलासपुर से बिन्नी गंभीर निशा उपस्थित हुए।

■ विभिन्न शहरों से होते हुए वापस पहुंचेगी रायपुर

### सदस्यों ने दिए सुझाव

कार्यक्रम में सभी गुरूसिंघ के पदाधिकारियों ने सुझाव दिए। सिख समाज छत्तीसगढ के बिलासपुर जोन प्रमुख डा. चरनजीत सिंह गंभीर ने पूरे छत्तीसगढ की समस्त गुरुद्वारा प्रबंधक के अध्यक्ष सचिव को लेकर छत्तीसगढ प्रदेश स्तरीय सिख समाज की एक हाई पावर कमेटी बनाने का सुझाव दिया। जिस पर जल्द विचार विमर्श कर इसे अमली जामा पहनाने सभी ने सहमति जताई। समस्त गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने धन धन श्री गुरुतेग बहादुर साहिब की सहादत शताब्दी यात्रा का आत्मिक स्वागत करने और यात्रा को समर्पित अनेक गोष्ठी एवं अन्य कार्यक्रम करने की सहमति और आश्वासन दिया। कार्यक्रम में चरनजीत सिंह गंभीर ने प्रदेश स्तरीय सिख समाज छत्तीसगढ की बैठक अगली बार माह जनवरी 2026 के अंत में बिलासपुर में रखने आग्रह किया। जिसे पूरे सदन के ध्वनिमत से स्वीकृत कर सहमति दी गई।

**इनकी रही उपस्थितिः** बैठक में पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा, गुरुबक्श सिंह छाबड़ा, निरमोलक सिंह मुटरेजा, नरेंद्र सिंह चावला, सुरेंद्र सिंह खनुजा, कुलदीप छाबड़ा, अवतार जुनेजा, निरंजन खनुजा, इंदरजीत छाबड़ा, तेजीदर होरा, सतपाल खनुजा, भूपेद्र मक्कड़, लेडीज़ विंग से अन्नू होरा, डा. रीना टुटेजा, सिक्ख समाज छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह छाबड़ा, संयोजक सुरेंद्र सिंह छाबड़ा सहित प्रदेश के गुरद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एवं सदस्य मौजूद थे।

---

## आयोग के निर्देश पर शहर कांग्रेस नियुक्त करेगी बीएलए

**बिलासपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के आदेश अनुसार सभी राजनैतिक दलों को बूथों में बूथ लेवल एजेंट बीएलए नियुक्त करना अनिवार्य कर दिया गया है। इस विषय को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस भवन में शहर कांग्रेस कमेटी एवं शहरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई।

कांग्रेस भवन की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शहर जिला कांग्रेस कमेटी अंतर्गत आने वाले 287 बूथों में बीएलए की नियुक्ति करनी है। बिलासपुर विधानसभा में 245 बूथ, बेलतरा विधानसभा में 36 बूथ और बिल्हा विधानसभा में 6 बूथ शामिल हैं। इन सभी बूथों में सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, कार्यकर्ताओं को उन बूथों में नियुक्त किया जाएगा, जिस बूथ में उनका नाम होगा। इसलिए कांग्रेसजन अपना-अपना नाम बूथ क्रमांक, बूथ में सरल क्रमांक, एक फोटो अपने-अपने ब्लॉक अध्यक्षों के पास शीघ्र जमा कराएंगे। यदि किसी को अपना बूथ क्रमांक याद नहीं है तो अपने वोटर आईडी की एपिक नंबर पार्षद ओम कश्यप को दे सकते है ताकि आनलाइन निकाला जा सकें। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि आज निर्वाचन आयोग संदेह की कटघरे में खड़ा है। कुछ वर्षो में चुनावी परिणामों को प्रभावित किया गया जो लोकतंत्र और संविधान के लिए अनुकूल नहीं है। बिहार में एसआईआर के नाम पर 65 लाख नाम कटना, जीवित व्यक्ति को मृत घोषित करना, एक मकान में सैकड़ों मतदाताओं के नाम होना कोई भूल नहीं हो सकता। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन में भी वोटर लिस्ट में संशोधन करने जा रही है। ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन, अरविंद शुक्ला, विनोद साहू, मोती ठारवानी एवं पार्षद ओम कश्यप को भी भेज सकते हैं। आज की बैठक में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, प्रवक्ता ऋषि पांडेय, ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन, अरविंद शुक्ला, विनोद साहू, मोती ठारवानी, ओम कश्यप, बबलू मगर, मनोज सिंह आदि उपस्थित थे।

## कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने साव से की मुलाकात



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधि मंडल 28 सितंबर को छत्तीसगढ़ सरकार के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मिला।

इस दौरान संघ ने विद्युत कर्मचारियों के महत्वपूर्ण मांगों से अवगत कराते हुए उन्हें 9 अक्टूबर के आंदोलन के संबंध में जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री द्वारा विद्युत कंपनी के चेयरमैन से उक्त मांगों के संबंध में जानकारी लेकर छग शासन के समक्ष बात रखने कहा गया। प्रतिनिधि मंडल में अभा मंत्री भारतीय मजदूर संघ व उद्योग प्रभारी राधेश्याम जायसवाल, प्रांतीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ संजय तिवारी, उपाध्यक्ष मनीष क्षत्रिय, कार्यकारी सदस्य काशी राव गाढ़े, क्षेत्रीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ बिलासपुर क्षेत्र संतोष शर्मा, संगठन मंत्री राजेश राजपूत और प्रमोद सिंह उपस्थित रहे।

---

**कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में एक नई क्रांति, वायरलेस हॉल्टर मशीन से होगी धड़कन की जांच**

# अपोलो ने दिया हृदय रोगियों के लिए नई सुविधा का उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अपोलो हॉस्पिटल में आज विश्व हृदय दिवस पर हृदय रोगियों के लिए वायरलेस हॉल्टर मॉनिटरिंग सुविधा की शुरुआत की है।

मेक इन इंडिया' पहल के अंतर्गत विकसित यह अत्याधुनिक आविष्कार कार्डियक मॉनिटरिंग को पूरी तरह नया रूप दे रहा है। परंपरागत हॉल्टर मॉनिटर की तुलना में यह नवीन तकनीक अत्यधिक उपयोगी एवं सुविधाजनक है। पुराने हॉल्टर मॉनिटरिंग सिस्टम में मरीज के शरीर के साथ एक उपकरण जो की विभिन्न तारों से हृदय की 24 घंटे की गतिविधियों की रिकॉर्डिंग करता था। जिसे बाद में अस्पताल जाकर पुनः कंप्यूटर में डाउनलोड करने के उपरांत रिपोर्ट तैयार की जाती थी। पुराने हॉल्टर मॉनिटरिंग सिस्टम में केवल 24 अथवा 48 घंटे की ही मॉनिटरिंग करने का प्रावधान था। पुराने हॉल्टर मॉनिटर को पानी से बचाने के लिए मरीज को पूरी जांच के दौरान बिना नहाए रहना होता था, परंतु इस नए हॉल्टर मॉनिटरिंग डिवाइस के साथ मरीज को पूरी तरह अपने दिनचर्या पूरी करने की आजादी है क्योंकि यह उपकरण पूरी तरह वायर-फ्री, हल्का और डिस्पोजेबल वायरलेस है। इसलिए मरीज पूरी तरह से अपने व्यावसायिक एवं दैनिक दिनचर्या को पूरी करने के लिए स्वतंत्र होता है।



### नए हॉल्टर मॉनिटरिंग सिस्टम की विशेषता

इस नए हॉल्टर मॉनिटरिंग सिस्टम में आवश्यकता 3 दिन एवं 7 दिनों तक मरीज के हृदय की गतिविधि की जांच एवं रिकॉर्डिंग की जा सकती है। यह उपकरण हृदय की सारी गतिविधियां अस्पताल या चिकित्सक के मेल आईडी पर भेज देता है, अर्थात जांच उपरांत मरीज को अस्पताल में जाकर उपकरण की रिकॉर्डिंग डाउनलोड करने की आवश्यकता नहीं होती है।

### लकवाग्रस्त मरीजों के लिए राहत भरा समाधान

वेबकार्डियों उन मरीजों के लिए भी वरदान साबित हो रहा है जो लकवाग्रस्त (पैरालाइज़्ड) हैं या चलने-फिरने में असमर्थ हैं। ऐसे मरीजों को अस्पताल के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे उन्हें अनावश्यक यात्रा की परेशानी से राहत मिलती है। मेक इन इंडिया विज़न" के अनुरूप, वेबकार्डियो को गर्व के साथ भारत में डिज़ाइन और विकसित किया गया है। अपोलो हॉस्पिटल समूह में विगत दो वर्षों से मरीज ने इस नए उपकरण का लाभ लिया है।

### अपोलो ने शुरू किया डॉनट मिस ए बिट कार्यक्रम

विश्व हृदय दिवस 2025 पर अपोलो अस्पताल हर भारतीय से अपने हृदय का ध्यान रखने का आग्रह कर रहा है और स्वस्थ हृदय के लिए अनुशासित जीवन शैली पर जोर देता है। इसके लिए अपोलो ने शुरू किया विश्व हार्ट डे 2025 पर डॉनट मिस ए बिट कार्यक्रम प्रारंभ कर रहा है।कार्डियोवैस्कुलर बीमारी हर साल लाखों लोगों का जीवन छीन लेती है, फिर भी इनमें से अधिकतर नुकसान को समय पर पहचान, उपचार और जीवनशैली में परिवर्तन से रोका जा सकता हैं। अपनी थीम डॉनट मिस ए बिट के साथ अपोलो प्रीवेंटिव हेल्थकेयर, गहन देखभाल, और हर आयु वर्ग में समय पर स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तियों, परिवारों, कार्यस्थलों और समुदायों से संवाद कर रहा है। प्रत्येक आयु वर्ग में समय पर स्क्रीनिंग सुनिश्चित करता है। पोस्ट-मेनोपॉजल महिलाओं को उच्च कार्डियोवैस्कुलर जोखिम का सामना करना पड़ता है और उन्हें स्क्रीनिंग की आवश्यकता होती है। विटामिन डी और बी 12 कमियों और एनीमिया, ऊर्जा के स्तर को कम करते हैं, जो नियमित अभ्यास को बनाए रखने के लिए कठिन होता है।

---

**बिजनेस प्लस**

# न्यू टाउन का शुभारंभ, लक्जरी जीवनशैली का नया अध्याय शुरू




**बिलासपुर।** एक अत्याधुनिक और भव्य टाउनशिप प्रोजेक्ट न्यू टाउन शहर की रियल एस्टेट दुनिया में एक नया मील का पत्थर स्थापित करने जा रहा है। मुंगेली रोड पर कानन पेंडारी जूलॉजिकल गार्डन के पास यह स्थित है। ओरा मेकर्स की ओर से विकसित यह परियोजना बिलासपुर वासियों को न केवल एक घर बल्कि एक समृद्ध, प्रीमियम और अंतरराष्ट्रीय स्तर की जीवनशैली देने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

न्यू टाउन टाउनशिप में 2, 3, 4 और 5 बीएचके रॉयल बंगले और विकसित प्लॉट्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जो आधुनिक सुविधाओं और प्राकृतिक सौंदर्य का अनूठा संगम प्रस्तुत करते हैं। यह परियोजना ऐसे लोगों के लिए है जो जीवन में भव्यता और आराम के साथ एक शांत और हरित वातावरण की तलाश में हैं। टाउनशिप को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यहां आधुनिकता के साथ शाही भव्यता का भी अनुभव हो। इसमें भव्य प्रवेश द्वार, सुंदर लैंडस्केप गार्डन, वॉटर फीचर्स, क्लबहाउस, अत्याधुनिक जिम, योग व मेडिटेशन स्पेस, इनडोर और आउटडोर गेम्स, बच्चों और परिवारों के लिए स्विमिंग पूल जैसी तमाम विश्वस्तरीय सुविधाएं शामिल हैं। सुरक्षा के लिहाज से टाउनशिप को गेटेड कम्युनिटी के रूप में विकसित किया गया है, जिसमें चौड़ी सड़कें, पर्याप्त पार्किंग स्पेस और सुव्यवस्थित इंफ्रास्ट्रक्चर निवासियों को सुविधाजनक और सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हैं। साथ ही एक भव्य मंदिर और सामुदायिक स्थल भी प्रस्तावित हैं, जिससे लोगों को आध्यात्मिकता और सामाजिक जुड़ाव का अवसर मिलेगा। फिलहाल प्रोजेक्ट प्री-लॉन्च चरण में है और पहले 50 बुकिंग्स पर बेहद खास ऑफर्स दिए जा रहे हैं। यह अवसर निवेशकों और घर खरीदने वालों के लिए सुनहरा है, जो समय पर निर्णय लेकर इस प्रोजेक्ट का भरपूर लाभ उठा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### मां महामाया दर्शन के लिए पैदल यात्रा आज

**बिलासपुर।** शारदीय नवरात्रि महापर्व के सप्तमी पर रतनपुर मां महामाया दर्शन के लिए श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की पैदल यात्रा 29 सितंबर को शाम 3 बजे से प्रारंभ होगी। देवी दर्शन के लिए जाने वाले भक्तों की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने रतनपुर मार्ग पर 30 सितंबर सुबह 10 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया है। दर्शनार्थियों के सुगम आवागमन के लिए भारी एवं अन्य वाहनों (अत्यावश्यक सेवाओ को छोड़कर) की नो एंट्री, डायवर्सन तथा अन्य वाहनों के लिए पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। समस्त श्रद्धालुओं से निर्धारित रूट, डायवर्सन व पार्किंग का ही उपयोग करने अनुरोध किया गया है। वहीं 29 सितंबर को शाम 5 बजे से रात 12 बजे से अधिक समय तक माँ दुर्गा दर्शन के कारण व्यस्थतम आवागमन और यातायात दबाव की स्थिति रहेगी। अतः रामसेतु, सिम्स चौक, बाल्मीकि चौक से अत्यावश्यक सेवा को छोड़कर अन्य वाहन पूर्णतः प्रवेश प्रतिबंधित होगी।

### नहाते समय तालाब में डूबकर ग्रामीण की मौत

**बिलासपुर।** नहाते समय तालाब में डूबकर एक ग्रामीण की मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया कि ग्राम हरदीकला टोना निवासी बैजूराम रजक पिता दुर्गा प्रसाद 39 साल 27 सितंबर की सुबह 6.30 बजे गांव के पंखतिया तालाब में नहाने गए थे। इसी दौरान गहराई में जाकर डूबने से उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### रामसेतु, रिवर व्यू से लेकर शनिचरी तक लगी गाड़ियों की लंबी लाइनें

# सारे दावे फेल, शहर की यातायात व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उधर लाख दावों और कोशिशों के बाद भी त्यौहारी भीड़ के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। रविवार को शहर में हर तरफ सिर्फ गाड़ियों की कतार और परेशान लोग दिखाई दिए। शाम 6 बजे के करीब राम सेतु के पास एंबुलेंस फंस गई। इसके पीछे मरीजों के परिजनों की गाड़ियां भी आधे घंटे तक हिल नहीं सके। इससे लोगों में आक्रोश और पीड़ा दिखाई दी। इसके साथ ही गोंड़पारा क्षेत्र तो चलने क्या हिलने के लायक नहीं बचा है। रामसेतु, रिवर व्यू से लेकर शनिचरी तक गाड़ियों की लंबी लाइनें देखीं गईं। इसके साथ ही मुक्तिधाम चौक के पास लगे लंबे जाम ने लोगों को काफी परेशान किया। गोलबाजार, सदर बाजार, दयालबंद, जूना बिलासपुर क्षेत्र में भी जाम की स्थिति बनी रही।

हर साल नवरात्र के आखिरी चार दिन और दशहरा पर सड़कों पर भारी भीड़ उमड़ती है। इस बार भी ऐसा ही हुआ। नेहरू चौक से लेकर गांधी चौक के बीच हजारों लोग सड़कों पर दिखाई दिए। मध्य नगरी चौक पूरी तरह जाम हो गया। जूना बिलासपुर, हटरी चौक, शिव टॉकिज चौक और रेलवे कॉलोनी में भी भारी भीड़ जुटी।



अरपा ब्रिज पर लगी वाहनों की कतार।

### रविवार को उमड़ी भीड़ ने ध्वस्त की सारी व्यवस्था

शहर में मंगला चौक से देवकीनंदन चौक, गोल बाजार, सदर बाजार, जुना बिलासपुर से लेकर गांधी चौक, गुरुनानक चौक, रेलवे स्टेशन होते हुए तारबाहर, पुराना बस स्टैंड और राजेंद्र नगर तक दुर्गा प्रतिमा, झांकी और पंडालों के खास तौर निर्माण होतें हैं। इन मनमोहक पंडालों और मूर्तियों को देखने पहुंचे श्रद्धालुओं को जाम का सामना न करना पड़े, इसके लिए पुलिस और यातायात विभाग ने जवानों को तैनात तो किया है लेकिन रविवार को सड़कों पर उमड़ी भीड़ ने सारी व्यवस्था ध्वस्त कर दी।

### झांकियों को देखने करें पार्किंग का उपयोग

इधर प्रशासन और पुलिस का कहना है कि पुलिस जवान चौक-चौराहों और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर भीड़ को नियंत्रित करने के साथ ही लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे यदि अपनी कार या अन्य वाहन से दुर्गा या दशहरा देखने पहुंचे हैं, तो उसे पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें, ताकि स्वयं और अन्य लोगों को परेशानी न हो और जाम की स्थिति निर्मित न हो।

### मशहूर है बिलासपुर का दुर्गा और दशहरा उत्सव

दरअसल बिलासपुर का दुर्गा और दशहरा उत्सव जिले के साथ ही पूरे प्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। इसी कारण से नवरात्र में जिले के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों से भी लोग यहां पहुंचते हैं। लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ दुर्गा पंडालों और दशहरा देखने तथा उत्सव का आनंद लेने के लिए उमड़ पड़ती है। ऐसी स्थिति में श्रद्धालुओं की परेशानी तब और बढ़ जाती है, जब उन्हें जाम से जूझना पड़ता है। इससे न तो वे ठीक से दुर्गा प्रतिमा के दर्शन कर पाते हैं और न ही सड़कों पर सुगम यातायात का लाभ उठा पाते हैं।

### 159 करोड़ के कैमरे और अमला असफल

ज्ञात हो कि बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शहर में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए 159 करोड़ की लागत से आईटीएमएस योजना के तहत उन्नत तकनीक वाले कैमरे लगाए है। ट्रैफिक पुलिस के 119 जवान, होमगार्ड के 8 जवान, 11 पेट्रोलिंग टीम, जिसमें वीआईपी पेट्रोलिंग, हाईवे पेट्रोलिंग, 3 क्रेन सहित पूरा अमला मिलकर भी शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को हैंडल करने असफल नजर आ रहा है।

### यहां है पार्किंग की व्यवस्था

ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक पंडित देवकीनंदन चौक से गोल बाजार तक झांकी देखने वाले श्रद्धालु अपनी बाइक या कार को लखीराम आडिटोरियम या फिर लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में पार्किंग कर सकते हैं। इससे देवी दर्शन और पंडालों की झांकी का आनंद बिना जाम की समस्या के लिया जा सकता है। इसके साथ ही बाजपेयी मैदान, रिवर व्यू और चौपाटी में भी पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

# 2 लाख की सोने की चेन जूते में छिपाकर भागा

**बिलासपुर।** ग्राहक बनकर गए एक युवक ने चालाकी से 2 लाख 10 हजार रुपए के सोने की चेन जूते में छिपा लिया और भाग खड़ा हुआ।

▪ चोरी की वारदात सीसी टीवी कैमरे में कैद

सीसीटीवी कैमरे में चोरी की वारदात कैद हो गई है। पुलिस अपराध कायम कर युवक की तलाश कर रही है।

कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, खपरगंज निवासी उदित सोनी पिता कैलाश सोनी की सदरबाजार में सतीश्री ज्वेलर्स दुकान है। 26 सितंबर को वे सुबह से रात तक दुकान में बैठे हुए थे। रात में उन्होंने सोने के चेन की गिनती की तो एक चेन कम मिली। उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला तो पता चला कि एक युवक उनकी दुकान में आया और सोने की चेन खरीदने के लिए दिखाने के लिए कहा। उन्होंने उसे तीन चार सोने की चेन दिखाई। व्यापारी इधर उधर हुए तो वह चालाकी से एक सोने की चेन अपनी जूते में डालकर उन्हें चला गया। सोने की चेन का वजन 19.300 ग्राम है, जिसकी कीमत 2 लाख 10 हजार रुपए है। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर फुटेज के आधार पर युवक की तलाश में जुट गई है।

### शराब दुकान से 70 हजार रुपए व बोतल पार

बीती रात चोरों ने शराब दुकान का रोशनदान तोड़कर कार्टून में रखे 70 हजार रुपए व व 7 हजार की शराब पार कर दिया। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, दयालबंद शराब दुकान के सुपरवाइजर व कर्मचारी 26 सितंबर की रात बिक्री रकम 68 हजार 680 रुपए कार्टून में रखकर चले गए। 27 सितंबर की सुबह सुपरवाइजर अशोक विहार सरकण्डा निवासी मिनेश कुमार दिवाकर पिता नंद कुमार ने दुकान खोले तो शराब की बोतल अस्त व्यस्त थे। उन्होंने कार्टून खोलकर देखा तो उसमें बिक्री रकम व शराब की बोतल चोरी हो गई थी। उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखे तो देर रात एक युवक रोशनदान से दुकान के अंदर व बाहर जाते हुए दिखाई दे रहा है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# मधुमक्खियों के हमले से मचा हड़कंप, कई घायल

**बिलासपुर।** बिलासपुर-मस्तूरी सड़क पर रविवार को अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने सड़क पर चल रहे गाड़ी सवारों को अपना निशाना बनाया।

▪ भागमभाग में हुई दुर्घटना



घायल

इस दौरान दर्जन भर लोगों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। अचानक हुए हमले के कारण कई लोग दुर्घटनाग्रस्त हो गए और उनके वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। कई लोगों ने सड़क से भागकर जैसे तैसे अपने आप को सुरक्षित किया। कुछ लोगों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। मधुमक्खियों का झुंड मस्तूरी सड़क पर दौड़ रहे वाहन और उनके चालकों पर बरस पड़ा, इस दौरान चार पहिया वाहन चालक बच निकले, लेकिन दो पहिया वाहन सवार को खासी मुसीबत उठानी पड़ी। कुछ लोगों ने मधुमक्खियों के हमले को जान कर अपनी गाड़ियां मोड़ने में भलाई समझी। जिला अस्पताल में भर्ती सरकंडा निवासी नवीन मुलके पिता चंद्रशेखर मुलके ने बताया कि दोपहर को मस्तूरी से आते समय सड़क पर मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि बहुत से लोग हमला देखकर सड़क किनारे रूके हुए थे, लेकिन उनकी बातों को अनसुना कर कुछ अन्य लोगों ने गाड़ी दौड़ा दी, जिसके बाद मधुमक्खियों ने उन्हें अपना शिकार बना लिया, इसके बाद सभी को शरीर में चुभन और दर्द से परेशान होना पड़ा, खास बात यह है कि दुर्घटना में उनका फोन भी गुम गया है। वहीं कई अन्य लोगों को भी मधुमक्खियों ने निशाना बनाया है।

### दुकान में चोरी करने वाले नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले नाबालिग सहित दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, लगरा निवासी विष्णु प्रसाद निषाद के पान सेंटर व जनरल स्टोर का ताला तोड़कर किराना सामान व गल्ले में रखा 5 हजार रुपए अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया। पुलिस ने दुकान का मुआयना करने के बाद मुखबिर की सूचना पर कालिका नगर तिफरा निवासी मोहित उर्फ विकास साहू पिता स्व. रामबली साहू 23 साल व एक नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनों ने दुकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया।




